Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

अल्लाह तआला का आदेश

اِنَّ اللّٰہَ لَہٗ مُلۡکُ السَّمٰوٰتِ وَالۡاَرۡضِ یُحۡیٖ وَیُمِیۡتُ وَمَا لَکُمۡ مِّنۡ دُوۡنِ اللّٰہِ مِنۡ وَّلِیٍّ وَّلَا نَصِیۡرٍ

(सूरः तौबा : **116**)

अनुवाद : निश्चित अल्लाह ही है जिसकी ओर ज़मीन की बादशाही है। वह ज़िंदा करता है और मारता भी है और तुम्हारे लिए अल्लाह के सिवा कोई दोस्त और मददगार नहीं।

वर्ष- 9
अंक 18

साप्ताहिक क़ादियान
बदर
Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

22 शवाल 1445 हिज्री कमरी, 02 हिज्रत 1403 हिज्री शम्सी, 02 मई 2024 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

कोई पड़ोसन अपनी पड़ोसन को छोटा न समझे

(2566) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे मुस्लिम महिलाओं ग़ौर से सुनो। कोई पड़ोसन अपनी पड़ोसन को छोटा न समझे जबकि वह बकरी का खुर ही (भेजे)।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घर कई दफ़ा महीनों चूल्हा नहीं जलता

(2567) हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है उन्होंने उर्वा से कहा मेरी बहन के बेटे हमारी कभी यह हालत थी कि हम एक चांद देखते, फिर दूसरा चांद देखते, फिर तीसरा चांद देखते, इस तरह दो महीने गुज़र जाते और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के घरों में आग नहींजलती थी। मैं ने कहा ख़ाला आप रज़ियल्लाहु अन्हा का गुज़ारा किन चीज़ों पर होता था? उन्होंने कहा दो स्याह चीज़ें : खजूर और पानी, परंतु यह बात थी कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कुछ अंसारी हम-साए थे । उनकी दूध देने वाली बकरियां थीं और वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अपने दूध से बतौर तोहफ़ा भेजा करते थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम को भी पिलाते।

(सही बुख़ारी, किताब अल् हिबिया, भाग 4 प्रकाशन कादियान 2008 ई.)

बदज़नी बहुत बुरी चीज़ है, इन्सान को बहुत सी नेकियों से वंचित कर देती है और फिर बढ़ते बढ़ते यहां तक नौबत पहुंच जाती है कि इन्सान ख़ुदा पर बदज़नी शुरू कर देता है

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

जमाअत को नसीहत चिकित्सक के लिए जैसा ज़रूरी है कि तशख़ीस उम्दा तौर पर करे, इसी तरह वाज़ के मन्सब का यह फ़र्ज़ है कि वाज़-ओ-पंद से पहले इन लोगों के रोगों को दृष्टिगत रखे जिन में वे ग्रस्त हैं। परंतु मुश्किल तो यही है कि यह फ़िरासत और यह मार्फ़त, हक़्क़ानी वायज़ के सिवा दूसरे को मिलती ही कम है और यही वजह है कि मुल्क में वर्णन के साथ कि सैंकड़ों, हज़ारों नसीहत करने वाले फिरते हैं, लेकिन अमली हालत दिन-ब-दिन पस्ती की तरफ़ जा रही है। हर किस्म की एतेक़ादी, ईमानी,अख़लाक़ी गलतियां और कमज़ोरियाँ अपना असर करती जाती हैं। यह इस लिए कि वाज़ों में हक़्क़ानियत नहीं, रूह नहीं। यह सब कुछ है, परंतु मैं इस वक़्त अपने दोस्तों को यही बतलाना चाहता हूँ कि चूँकि उन्होंने अल्लाह तआला के फ़ज़ल से अपने दिलों में तलब हक़ की प्यास को महसूस किया है, वह रास्ती और सदाक़त के लेने में मज़ायक़ा न करें। जबकि नसीहत करने वाले मुख़्तलिफ़ रंगों और पैरायों में अपना प्रश्न ही पेश करे, परंतु तुमको नहीं चाहिए कि केवल इस एक वजह से असल हिक्मत को छोड़ दो, क्योंकि वह जवान के प्रश्न को सुनकर उनको हक़ारत की निगाह से देखता है, वह भी तो ग़लती पर है। क्या किसी लाल और गौहर-ए-नायाब को केवल इसलिए फेंक दिया जा सकता है कि वह किसी बदबू दार और मैली कुचैली टली (धज्जी कपड़े की) में बंधा हुआ है? हरगिज़ नहीं। इसके सिवा अगर नसीहत करने वाला प्रश्न करता है तो क्या तुम्हें ख़बर नहीं कि तुम्हें तो यह हुक्म दिया गया है कि وَاَمَّا السَّآئِلَ فَلَا تَنۡہَرۡ(अल् ज़ोहा : 4) और प्रश्न करने वाला चाहे घोड़े पर ही सवार हो कर आया है फिर भी वाजिब नहीं कि उस को रद्द किया जाए। तेरे लिए यह हुक्म है कि तू उस को झिड़क नहीं। हाँ ख़ुदा ने उस को भी हुक्म दिया है कि वह प्रश्न न करे। वह अपनी ख़िलाफ़वरज़ी की ख़ुद सज़ा पा लेगा लेकिन तुम्हें यह मुनासिब नहीं कि तुम ख़ुदा तआला के एक वाजिब अल् ज़ात हुक्म की न-फ़रमानी करो। उद्देश्य उसको कुछ दे देना चाहिए अगर पास हो और अगर पास कुछ नहीं तो नरम अल्फ़ाज़ से उस को समझा दो।"

शेष पृष्ठ 8 पर

जन्नतियों को सोने और मोतियों के कंगन और रेशमी वस्त्र पहनाए जाने का सही मफ़हूम जन्नत केवल बेकार बैठने की जगह नहीं बल्कि अमल का मुक़ाम है, केवल इतना अंतर है कि इस जहान में इन्सान से गुनाह भी सादर हो जाता है परंतु वहां कोई बुरा फ़ेअल सरज़द नहीं होगा

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरः अल-हज की आयत 24 और 25 की तफ़सीर में फ़रमाते हैं

इससे यह मुराद नहीं कि माद्दी सोने के कंगन उन को पहनाए जाऐंगे। माद्दी सोना तो वह छोटी सी वस्तु है जिसको इस दुनिया में भी मोमिन फेंक देता है। अगले जहां में इस को क्या मज़ा आएगा। अतः यह एक तमसीली ज़बान है और कंगन से मुराद ज़ीनत का सामान है और सोने से मुराद यह है कि वह सामान तबाह होने वाला नहीं होगा क्योंकि सोने को ज़ंग नहीं लगता और मोती से भी यही मुराद है कि वह सामान इन्सान की तबियत में एक चमक और मुलायम पैदा करेंगे जैसा कि मोती होता है। وَلِبَاسُہُمۡ فِیۡہَا حَرِیۡرٌ में बताया कि अगले जहान में उन्हें ऐसा तक़्वा मिलेगा जिसके इख़्तेयार करने में उन्हें कोई तकलीफ़ नहीं होगी। क़ुरआन-ए-करीम में अल्लाह तआला फ़रमाता है कि तक़्वा भी वस्त्र से मुशाबहत रखता है जैसा कि आता है وَلِبَاسُ التَّقۡوٰی ذٰلِکَ خَیۡرٌ (सूरः आराफ़ : 3) परंतु फ़रमाता है कि इस दुनिया में तो तक़्वा का वस्त्र पहनने के लिए बड़ी जद्द-ओ-जहद करनी पड़ती है और तकलीफ़ उठानी पड़ती है लेकिन अगले जहान में तक़्वा का वस्त्र रेशम के मुशाबेह होगा अर्थात उस को इख़्तेयार करने के लिए तकलीफ़ नहीं उठानी पड़ेगी बल्कि वह निहायत आरामदेह होगा और तबीयत ख़ुद बख़ुद ही तक़्वा की तरफ़ मायल होगी उसे मजबूर नहीं करना पड़ेगा

फिर फ़रमाता है कि केवल वस्त्र ही नहीं उनकी ज़बान भी बड़ी अच्छी होगी और तौर तरीक़ा भी अच्छा होगा यहां तक कि इन के हम-साए और अल्लाह तआला भी उन के तौर-तरीक़े की तारीफ़ करेगा इस से भी मालूम होता है कि जन्नत केवल बेकार

शेष पृष्ठ 8 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला बड़ा हया वाला है बड़ा करीम और सख़ी है, जब बंदा उसके हुज़ूर दोनों हाथ बुलंद करता है तो वह उनको ख़ाली और नाकाम वापस करने से शरमाता है (अल् हदीस)

इस आयत में जब अल्लाह तआला ने यह कहा कि "मेरे बंदे" तो उन बंदों से मुराद है जो हक़ीक़त में अल्लाह तआला का अबद बनना चाहते हैं, हक़ीक़ी तौबा करना चाहते हैं और करते हैं

वह लोग ख़ुद अपना जायज़ा ले लें जो कहते हैं कि हमने बड़ी दुआ की, बहुत सज्दे किए, बहुत नफ़ल पढ़े लेकिन हमारे मक़सद हासिल नहीं हुए क्या उन्होंने अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल कर लिया? क्या उन्होंने अपनी ईमानी हालत को इस मयार पर पहुंचा दिया कि कोई तूफ़ान उन्हें हिला न सके

"जो शख़्स ईमान लाता है उसी को इर्फ़ान दिया जाता है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"दुआ ख़ुदा तआला की हस्ती का ज़बरदस्त सबूत है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"दुआ ख़ुदा से आती है और ख़ुदा की तरफ़ ही जाती है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

अक्सर लोग पूछते हैं कि किस तरह पता चले कि दुआ क़बूल हुई है और अल्लाह तआला राज़ी हुआ है? उनको यह जवाब है कि पाक तबदीली पैदा होती है

"हुसूल-ए-फ़ज़ल का निकट मार्ग दुआ है और दुआ कामिल के लवाज़मात ये हैं कि इस में दर्द हो, इज़्तेराब और पीढ़ा हो
जो दुआ आजिज़ी, इज़्तेराब और दर्द भरे दिल्ली से भरी हुई हो वह ख़ुदा तआला के फ़ज़ल को खींच लाती है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"दुआ एक इस्तक़लाल और मुदावमत को चाहती है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"याद रखो दुआ एक मौत है और जैसे मौत के वक़्त-ए-इज़्तिराब और बेक़रारी होती है इसी तरह पर्दा के लिए भी वैसा ही इज़तिराब और जोश होना ज़रूरी है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"सबसे अव्वल और ज़रूरी दुआ यह है कि इन्सान अपने आपको गुनाहों से पाक साफ़ करने की दुआ करे, सारी दुआओं का असल और भाग यही है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"सायल का काम नहीं है कि वह तुरंत अता न किए जाने पर शिकायत करे और बदज़नी करे बल्कि इस्तक़लाल और सब्र से मांगता चला जाए" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"दुआ के अंदर क़बूलियत का असर उस वक़्त पैदा होता है जब वह इंतेहाई दर्जा के इज़्तेरार तक पहुंच जाती है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"दुआ उम्दा वस्तु है, अगर तौफ़ीक़ हो तो ज़रीया मग़फ़िरत का हो जाती है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"बड़ी मुश्किल यह है कि लोग दुआ की हक़ीक़त और हालत से महज़ नावाक़िफ़ हैं"
और इसी वजह से इस ज़माना में बहुत से लोग इस से मुनकिर हो गए हैं क्योंकि वह इन तासीरात को नहीं पाते" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)
"जबकि दूसरी वस्तुओं में तासीरात मौजूद हैं तो क्या वजह है कि बातिनी दुनिया में तासीरात न हों" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"बड़ा ही ख़ुश-क़िस्मत वह व्यक्ति है जिसको दुआ पर ईमान है क्योंकि वह अल्लाह तआला की अजीब दर अजीब क़ुदरतों को देखता है और ख़ुदा तआला को देखकर ईमान लाता है कि वह क़ादिर करीम ख़ुदा है"

"नमाज़ और दुआ जब तक इन्सान ग़फ़लत और कसल से ख़ाली न हो तो वह क़बूलियत के काबिल नहीं हुआ करती" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"यह बात बिल्कुल नामुमकिन है कि इन्सान अल्लाह तआला का बिल्कुल मुतीअ हो और फिर उसकी दुआ क़बूल न हो, हाँ यह ज़रूरी है कि इस के पुनः शरायत को कामिल तौर पर अदा करे"

"वे लोग इस मुक़ाम पर ज़रा ख़ास ग़ौर करें जो कहते हैं कि जब दुआ हुई तो अस्बाब की क्या ज़रूरत है
वे नादान सोचें कि दुआ बजा-ए-ख़ुद एक मख़फ़ी सबब है जो दूसरे अस्बाब को पैदा कर देता है" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

"अस्बाब से काम न लेना और निरी दुआ से काम लेना यह दुआ के आदाब से न-वाक़िफ़ी है और ख़ुदा तआला को आज़माना है और निरे अस्बाब पर गिरे रहना और दुआ को कोई वस्तु न समझना यह नास्तिकता है"

रमज़ान का अब आख़िरी अशरा शुरू हो रहा है इस में विशेषता हमें अल्लाह तआला के हुक्मों को अपना लाहे अमल बनाते हुए, ईमान में मज़बूत होते हुए

रातों को उठकर उसके हुज़ूर झुकते हुए उसके क़ुरब को हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि हम इस हिदायत को पाने वाले हों जिस पर अल्लाह तआला हमें चलाना चाहता है।

हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पर मआरिफ़ इर्शादात की रोशनी में दुआ और इस की क़बूलियत की हिक्मत और फ़िलोसफ़ी का वर्णन

जमात की तरक़्क़ी, यमन और पाकिस्तान में पाबंद-ए-सलासिल असीरान-ए-राह़-ए-मौला और मज़लूम फ़लस्तीनियों के लिए की तहरीक

अल्लाह तआला ही है जो इन मज़लूमों को इन ज़ालिमों से नजात दे और हमें भी इन मज़लूमों के लिए दुआ का हक़ अदा करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 29 मार्च 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَ رَسُوْلُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

وَإِذَا سَأَلَكَ عِبَادِي عَنِّي فَإِنِّي قَرِيبٌ ۖ أُجِيبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ إِذَا دَعَانِ ۖ فَلْيَسْتَجِيبُوا لِي وَلْيُؤْمِنُوا بِي لَعَلَّهُمْ يَرْشُدُونَ

(अल् बकरः : 187)

और जब मेरे बंदे तुझ से मेरे विषय में प्रश्न करें तो निश्चित में क़रीब हूँ। मैं दुआ करने वाले की दुआ का जवाब देता हूँ जब वह मुझे पुकारता है। अतः चाहिए कि वह भी मेरी बात पर लब्बैक कहें और मुझ पर ईमान लाएं ताकि वह हिदायत पाएं।

अल्लाह तआला ने यह आयत रोज़ों के अहकाम के साथ रखी है बल्कि कह सकते हैं कि बीच में रखी है जिससे पता चलता है कि दुआओं का रमज़ान और रोज़ों के साथ भी ख़ास ताल्लुक़ है। हर मुस्लमान इस बात को अच्छी तरह जानता है कि रमज़ान और दुआओं का एक ख़ास ताल्लुक़ है। तभी तो रमज़ान में विशेषता नमाज़ों, नवाफ़िल, तहज्जुद, तरावीह इत्यादि की तरफ़ विशेष तवज्जा पैदा होती है। हर हक़ीक़ी मुस्लमान को यह एहसास है कि इन दिनों में ख़ुदा तआला के ख़ास प्यार की नज़र अपने बंदों पर होती है। अल्लाह तआला की तो आम दिनों में भी अपने बंदों पर प्यार की नज़र होती है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला फ़रमाता है कि मैं बंदे के गुमान के मुताबिक़ उस से सुलूक करता हूँ। जिस वक़्त बंदा मुझे याद करता है मैं उस वक़्त उस के साथ होता हूँ। अगर वे मुझे अपने दिल में याद करे तो मैं उसे अपने दिल में याद करता हूँ। अगर वह मेरा ज़िक्र महफ़िल में करे तो मैं उस का वर्णन महफ़िल में करूँगा। अगर वह मेरी तरफ़ एक बालिशत भर आए तो मैं उसकी तरफ़ एक हाथ जाऊँगा। अगर वह मेरी तरफ़ एक हाथ आएगा तो मैं उस की तरफ़ दो हाथ जाऊँगा। अगर वह मेरी तरफ़ चल कर आए तो मैं उसकी तरफ़ दौड़ कर आऊँगा।

(सही अल् बुख़ारी, किताब अल् तौहीद, बाब ...ما يذكر فى الذات والنعوت हदीस : 7405)

अतः अल्लाह तआला तो आम हालात में भी बंदे से यह सुलूक फ़रमाता है और जब रमज़ान का महीना हो जो विशेषता अल्लाह तआला की तरफ़ बढ़ने का महीना है, पूरा माहौल ही इन्सान को इस हालत में करने वाला होता है कि वह अल्लाह तआला को याद करे तो फिर अल्लाह तआला किस क़दर मेहरबान होगा इस का हम अंदाज़ा भी नहीं कर सकते लेकिन शर्त यह है कि ये सब बातें दिल की गहराई से हों। ईमान पर मज़बूत होते हुए हों न कि सतही तौर पर।

फिर अल्लाह तआला की अपने बंदों पर मेहरबानी की मिसाल देते हुए एक अवसर पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यूं फ़रमाया कि अल्लाह तआला बड़ा हया वाला है। बड़ा करीम और सख़ी है। जब बंदा उस के हुज़ूर दोनों हाथ बुलंद करता है तो वह उनको ख़ाली और नाकाम वापस करने से शरमाता है।

सिदक़-ए-दिल से मांगी हुई दुआ को रद्द नहीं करता। क़बूल कर लेता है।

(सुंन अबू दाऊद, बाब तफ़रीअ अबवाब अल् वित्र, बाब दुआ हदीस : 1488)

अतः यह हालत उस वक़्त मयस्सर होती है जब हाथ बुलंद हों। जब सिदक़-ए-दिल से इन्सान मांगे और सिदक़-ए-दिल से मांगने के लिए ज़रूरी है कि पिछले गुनाहों से मुकम्मल बचने और हक़ीक़ी तौबा का अह्द करके अल्लाह तआला की तरफ़ आए। अतः हम बाअज़ दफ़ा जल्द-बाज़ी में कह देते हैं कि हमने दुआ की और क़बूल नहीं हुई लेकिन अपनी हालत को नहीं देखते कि कितना सिदक़-ए-दिल है, कितनी सच्चाई से अल्लाह तआला की मुहब्बत में हम बढ़ रहे हैं। कितनी सच्चाई से हम पिछले गुनाहों की माफ़ी मांगते हुए आइन्दा गुनाहों से बचने और अल्लाह तआला के बताए हुए तरीक़ पर चलने का अह्द कर रहे हैं।

अल्लाह तआला को धोखा नहीं दिया जा सकता। वह तो हमारे दिल का हाल जानता है। हमारे पाताल तक से वाक़िफ़ है।

अतः अल्लाह तआला के फ़ज़्लों को जज़्ब करने के लिए उस के खुले दर में दाख़िल होने के लिए उसके लवाज़मात भी पूरे करने होंगे। अल्लाह तआला की मेहरबानी और शफ़क़त बंदों पर इस क़दर है कि हर साल विशेषता रमज़ान में हमें ला कर यह अवसर फ़राहम करता है कि अगर आम दिनों में भूल चूक हो गई है तो अब इस महीने की बरकात से फ़ायदा उठा कर मेरी तरफ़ आओ और मेरे बंदों में शामिल हो जाओ। अल्लाह तआला विशेषता इन दिनों में अपने बंदों पर प्यार की नज़र डालना चाहता है। भोले भटकों को राह़-ए-रास्त पर लाना चाहता है। ख़ास माहौल की वजह से बंदों के इबादत के मयार बुलंद करना चाहता है।

इस आयत में जब अल्लाह तआला ने यह कहा कि "मेरे बंदे" तो उन बंदों से मुराद है जो हक़ीक़त में अल्लाह तआला का अबद बनना चाहते हैं। हक़ीक़ी तौबा करना चाहते हैं और करते हैं।

अतः यह हक़ीक़ी बंदे बनने की हमें कोशिश करनी चाहिए और रमज़ान में इस का क़ुरब पाने और हक़ीक़ी बंदे बनने का ख़ास माहौल मयस्सर है। अल्लाह तआला की मुहब्बत में हम बढ़ने की कोशिश करेंगे तभी हम उस के हक़ीक़ी बंदे बन सकते हैं और जब यह हालत होगी तो फिर अल्लाह तआला फ़रमाता है मेरे ऐसे बंदों और मेरे से इशक़ करने वालों को कह दो कि मैं उनकी दुआओं को सुनता भी हूँ और जवाब भी देता हूँ।

अतः हमारी दुआएं केवल अपनी ज़ाती अग़राज़ के लिए नहीं होनी चाहिऐं बल्कि अल्लाह तआला का क़ुरब हासिल करने और उस की मुहब्बत हासिल करने के लिए होनी चाहिए। अल्लाह तआला की मुहब्बत के हसूल के लिए हम उसकी तरफ़ एक बालिशत, एक हाथ और तेज़ चल कर जाने वाले होंगे तो फिर अल्लाह तआला हमारी

तरफ़ इस से बढ़कर तवज्जा फ़रमाएगा और दौड़ कर हमारी मदद को आएगा, दुआओं को सुनेगा लेकिन अल्लाह तआला ने वाज़िह फ़र्मा दिया कि यह ज़बानी मुहब्बत के दावे नहीं हैं जो तुम्हें यह मुक़ाम अता कर देंगे। नहीं, बल्कि तुम्हें मेरी बातों को मानना पड़ेगा। मेरे अहकाम पर अमल करना पड़ेगा। हुक़ूक़ुल्लाह और हुक़ूक़ुल-ईबाद अदा करने पड़ेंगे फिर उस के साथ ईमान में मज़बूती भी पैदा करनी होगी। ऐसा ईमान जो क भी मुतज़लज़ल न हो। जब यह होगा तो फिर ही मेरे बंदों में, हक़ीक़ी बंदों में शुमार हो सकते हो। अब वे लोग ख़ुद अपना जायज़ा ले लें जो कहते हैं कि हमने बड़ी दुआ की, बहुत सज्दे किए, बहुत नफ़ल पढ़े लेकिन हमारे उद्देश्य हासिल नहीं हुए। क्या उन्होंने अल्लाह तआला के हुक्मों पर अमल कर लिया? क्या उन्होंने अपनी ईमानी हालत को इस मयार पर पहुंचा दिया कि कोई तूफ़ान उन्हें हिला न सके? अक्सर ऐसे लोगों का यह हाल है कि बजाय उसके कि अपने महबूब की ख़ाहिशात को पूरा करें, अपनी ज़रुरियात की फ़हरिस्त पेश कर के फिर कहते हैं कि अगर अल्लाह तआला ने यह पूरा न किया तो दुआओं का क्या फ़ायदा।

फिर ख़ुदा तआला के वजूद पर, दुआओं की हिक्मत पर, दुआओं की क़बूलियत प रप्रश्न करने लग जाते हैं। यह तो अल्लाह तआला के बंदों की निशानी नहीं होती। यह तो उन लोगों की निशानी नहीं है जिनके हाथ को अल्लाह तआला ख़ाली वापस लौटाने से शरमाता है। अतः हमें अल्लाह तआला के बारे में प्रश्न करने से पहले अपनी हालत का जायज़ा लेना चाहिए कि किस हद तक हम अल्लाह तआला की बातों को मान कर इस पर अमल कर रहे हैं।

किस हद तक हम अपने ईमान में मज़बूत हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस बारे में अपने लिटरेचर में मुख़्तलिफ़ किताबों में इर्शादात फ़रमाए हैं। दुआ की हिक्मत, उसकी क़बूलियत की हिक्मत और फ़िलोसफ़ी बड़ी तफ़सील से वर्णन की है और वह मयार बताए हैं जब दुआ को हक़ीक़ी दुआ कहा जा सकता है। इस हवाले से मैं आप अलैहिस्सलाम के कुछ हवाले भी पेश करूँगा कि अल्लाह तआला के हक़ीक़ी बंदे कौन हैं?

आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि अल्लाह तआला फ़रमाता है "जब मेरे बंदे मेरे बारे में प्रश्न करें कि ख़ुदा के वजूद पर दलील क्या है? इस का यह उत्तर है कि मैं बहुत नज़दीक हूँ अर्थात कुछ बड़े दलायल की हाजत नहीं। मेरा वजूद निहायत अक़्रब तरीक़ से समझ आ सकता है और निहायत आसानी से मेरी हस्ती पर दलील पैदा होती है और वह दलील यह है कि जब कोई दुआ करने वाला मुझे पुकारे तो मैं उस की सुनता हूँ और अपने इलहाम से इस की कामयाबी की बशारत देता हूँ जिस से न केवल मेरी हस्ती पर यक़ीन आता है बल्कि मेरा क़ादिर होना भी बपायह यक़ीन पहुंचता है लेकिन चाहिए कि लोग ऐसी हालत तक़्वा और ख़ुदातरसी की पैदा करें कि मैं उनकी आवाज़ सुनूँ। "यह बड़ी अहम शर्त है। सुनता हूँ लेकिन पहले तक़्वा की हालत पैदा करो, ख़ुदातरसी की पैदा करो फिर मैं आवाज़ सुनूँगा और कि" नीज़ चाहिए कि वह मुझ पर ईमान लावें और क़बल उसके जो उनको मार्फत-ए-तामा मिले इस बात का इक़रार करें कि ख़ुदा मौजूद है और समस्त ताक़तें और क़ुदरतें रखता है।" अर्थात अल्लाह तआला की यह मुकम्मल मार्फ़त मिल जाए। दुआओं की क़बूलियत से उसके निशानात भी मिल जाएं लेकिन इस से पहले इस बात पर यक़ीन और ईमान होना चाहिए कि ख़ुदा मौजूद है। पहले अल्लाह तआला पर ईमान मज़बूत करो। ईमान बिलग़ैब हो और फिर यह है कि "वह समस्त ताक़तें और क़ुदरतें रखता है क्योंकि जो शख़्स ईमान लाता है उसी को इर्फ़ान दिया जाता है।"

(अय्याम-ए-सुलह, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 14 पृष्ठ 260-261)

ईमान पहले होगा तो फिर इर्फ़ान भी मिलेगा। अतः ईमान का आला मयार होगा तो फिर ही क़बूलियत-ए-दुआ के नज़्ज़ारे भी होंगे। यह नहीं कि किसी इबतेला से इन्सान डांवां डोल हो जाए। यह दलील अल्लाह तआला ने अपने होने की बताई है कि दुआ सुनता हूँ। अतः अगर दुआ सुनी नहीं गई तो इस ताल्लुक़ में कमी है जो दो दोस्तों में होता है और इस कमी को पूरा करने का तरीक़ भी बता दिया कि तक़्वा की हालत पैदा करो। इस बात पर कामिल यक़ीन हो और इसका इक़रार करो कि ख़ुदा मौजूद है। इसके वजूद पर ईमान बिलग़ैब हो और तीसरी बात यह है कि अल्लाह तआला पर कामिल यक़ीन हो कि वे तमाम ताक़तें और क़ुव्वतें रखता है। इस के इलावा और कोई नहीं जो तमाम ताक़तें रखता हो। अतः यह मयार दुआ की क़बूलियत के कम से कम मयार हैं।

फिर आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "अगर मेरे बंदे मेरे वजूद से प्रश्न करें कि क्योंकर उसकी हस्ती साबित है और क्योंकर समझा जाए कि ख़ुदा है? तो इस का उत्तर यह है कि मैं बहुत ही नज़दीक हूँ। मैं अपने पुकारने वाले को जवाब देता हूँ और जब वे मुझे पुकारता है तो मैं उसकी आवाज़ सुनता हूँ और इससे हमकलाम होता हूँ। अतः चाहिए कि अपने बारे में ऐसे बनावें कि मैं उनसे हमकलाम हो सकूँ।" अर्थात अपनी हालतों को पहले ठीक करे जो अल्लाह तआला से हमकलाम हो" और मुझ पर कामिल ईमान लावें ता उनको मेरी राह मिले।" (लैक्चर लाहौर, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 20 पृष्ठ 159) हिदायत की राह तभी मिलेगी।

अतः यह यक़ीन-ए-कामिल पैदा करने की ज़रूरत है। इस तरीक़ पर अमल करने और उन शरायत पर चलने की ज़रूरत है जो पहले वर्णन हुई हैं। मैंने अभी वर्णन किया हैं अर्थात नंबर एक हालत-ए-तक़्वा हो और ख़ुदातरसी पैदा हो। नंबर दो इस बात पर कामिल ईमान हो कि ख़ुदा है। तजुर्बा है या नहीं ईमान बिलग़ैब है। कामिल ईमान है कि ख़ुदा है और नंबर तीन इस बात पर कामिल यक़ीन कि वह कामिल ताक़तें और क़ुदरतें रखता है। यह नहीं कि कोई काम नहीं हुआ तो कह दिया उसकी ताक़त नहीं है और शिकवा शुरू हो गया। इस बात पर यक़ीन हो कि वह कामिल ताक़तें और क़ुदरतें रखता है।

अतः दुआओं के क़बूल न होने से मायूसी की बातें करने वाले और ख़ुदा तआला की ज़ात पर शक करने वाले पहले अपने जायज़े लें कि क्या ये तीन हालतें उनमें हैं और जो भी हालात हों वह उस पर क़ायम रहेंगे। यह हो ही नहीं सकता कि ईमानकी यह हालत हो और फिर अल्लाह तआला की ज़ात पर शक भी हो।

फिर एक जगह आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया : "وَاِذَا سَاَلَکَ عِبَادِیْ عَنِّیْ فَاِنِّیْ قَرِیْبٌ (अल् बक़रः : 187) के यही अर्थ हैं कि अगर प्रश्न हो कि ख़ुदा का इलम क्योंकर हुआ तो जवाब यह है कि इस्लाम का ख़ुदा बहुत क़रीब है। अगर कोई उसे सच्चे दिल से बुलाता है तो वह जवाब देता है। दूसरे फ़िर्क़ों के ख़ुदा क़रीब नहीं हैं" अर्थात दूसरे मज़ाहिब के "बल्कि इस क़दर दूर हैं कि उनका पता ही नदारद। आला से आला ग़रज़ आबिद और परिस्तार की यही है कि उस का क़ुरब हासिल हो और यही माध्यम है एक सही आबिद की आला ग़रज़ यही होनी चाहिए कि उस को अल्लाह तआला का क़ुरब हासिल हो। उस की मुहब्बत दिल में पैदा हो "जिससे उस क हस्ती पर यक़ीन हासिल होता है। اُجِیْبُ دَعْوَۃَ الدَّاعِ اِذَا دَعَانِ (अल् बक़रः : 187) के भी यही माने हैं कि वह जवाब देता है गूँगा नहीं है। दूसरे समस्त दलायल उसके आगे कुछ नहीं हैं। कलाम एक ऐसी शैय है जो कि दीदार के क़ायम मक़ाम है। (मल्फ़ूज़ात, भाग 7 पृष्ठ 107 ऐडीशन 1984 ई.) अतः सच्चे दिल से बुलाना ज़रूरी है और सच्चे दिल से बुलाना क्या है कि उस की बात मानी जाए और इस पर ईमान मज़बूत हो।

फिर आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया : "जब मेरा बंदा मेरी विषय में प्रश्न करे अतः में बहुत ही क़रीब हूँ। मैं पुकारने वाले की दुआ को क़बूल करता हूँ जब वह पुकारता है।" फ़रमाया कि "बाअज़ लोग उसकी ज़ात पर शक करते हैं। अतः मेरी हस्ती का निशान यह है कि तुम मुझे पुकारो और मुझसे माँगो। मैं तुम्हें पुकारूँगा और जवाब दूँगा और तुम्हें याद करूँगा जैसा कि हदीस में भी आया है। अल्लाह तआला कहता है मैं तुम्हें याद करता हूँ और तुम मुझे याद करते हो। दिल में या महफ़िल में। फ़रमाया कि "अगर यह कहो कि हम पुकारते हैं पर वह जवाब नहीं देता।" यह प्रश्न उठता है पहले भी वर्णन हो चुका कि हम पुकारते हैं जवाब नहीं देता "तो देखो' फ़रमाया कि "तो देखो कि तुम एक जगह खड़े हो कर एक ऐसे शख़्स को जो तुमसे बहुत दूर है पुकारते हो और तुम्हारे अपने कानों में कुछ नुक़्स है।"

अतः पहली बात यह है कि दूर खड़े होने से तो फ़ायदा कोई नहीं। क़रीब आओ और मुहब्बत से क़ुरबत मिलेगी। वह मुहब्बत अल्लाह तआला की दिल में पैदा करो। अपने कानों में कुछ नुक़्स है। कमज़ोर ईमान भी कानों में नुक़्स डालना ही है। इस कमज़ोर ईमान को दूर करके ईमान को मज़बूत करो फिर क़ुरबत मिलेगी वह शख़्स तो तुम्हारी आवाज़ सुनकर तुमको जवाब देगा" आप ने मिसाल दी कि दूर से आवाज़ें दे रहे हो, तुम्हारी हल्की सी आवाज़ भी इस को पहुंच गई या वाज़ह भी पहुंच गई तो वह तुम्हें जवाब देगा "परंतु जब वह दूर से जवाब देगा और वह दूर से जवाब देगा" तो तुम बबाइस बहरापन के सुन नहीं सकोगे।

अल्लाह तआला जवाब दे भी दे तो क्योंकि तुम्हारे ईमान में मज़बूती नहीं है, तुम्हारी मुहब्बत में कमी है, उसकी बातों पर अमल नहीं कर रहे तो ये तुम्हारे कानों का बहरापन है जिसकी वजह से तुम उसकी आवाज़ को सुन नहीं सकते। अब अल्लाह तआला जवाब दे भी दे तो तुम यही कहोगे उसने जवाब नहीं दिया हालाँकि उसने जवाब दिया था कि तुमने अगर ऊंची आवाज़ सुननी है तो अपनी हालत को बेहतर करो। लेकिन तुम बहरापन की वजह से वह आवाज़ भी नहीं सुन रहे।

फ़रमाया कि "जूँ-जूँ तुम्हारे दमध्य पर्दे और हिजाब और दूरी और दूर होती जाएगी तो तुम ज़रूर आवाज़ को सुनोगे।" तक़्वा में बढ़ते जाएंगे तो आवाज़ को सुनने की तरफ़ तवज्जा पैदा होती जाएगी। फ़रमाया कि "जब से दुनिया की पैदाइश हुई है इस बात का सबूत चला आता है कि वह अपने ख़ास बंदों से हमकलाम होता है। अगर ऐसा नहीं होता

तो रफ़्ता-रफ़्ता बिल्कुल यह बात नाबूद हो जाती कि उसकी कोई हस्ती है भी।

अतः ख़ुदा तआला की हस्ती के सबूत का सबसे ज़बरदस्त माध्यम यही है कि हम उसकी आवाज़ को सुन लें या दीदार या गुफ़्तार।' कई दफ़ा अल्लाह तआला दिखा देता है और बाअज़ दफ़ा केवल आवाज़ सुनाता है।" अतः आजकल का गुफ़्तार क़ायम मक़ाम है दीदार का' आजकल के जो अल्लाह तआला की तरफ़ से इशारे मिल जाएं वही अल्लाह तआला को देखने के क़ायम मक़ाम हैं" हाँ जब तक ख़ुदा के और उसके सायल के दरमयान कोई हिजाब है उस वक़्त तक हम सुन नहीं सकते।" गुफ़्तार भी अगर है तो सुन नहीं सकते क्योंकि हिजाब है, पर्दे हैं "जब दरमयानी पर्दा उठ जावेगा तो उसकी आवाज़ सुनाई देगी।" (मल् फ़ूज़ात, भाग 7 पृष्ठ 227 ऐडीशन 1984 ई.) अतः क़रीब आओ। ख़ालिस मुहब्बत पैदा करो तो यह क़ुरबत मिलेगी। हिजाब दूर होगा। जवाब तो देता है। अल्लाह तआला कहता है मैं देता हूँ तुम सुन नहीं सकते और पहला जवाब यह है कि मुहब्बत में बढ़ो। मुहब्बत में बढ़ोगे तो बहरापन भी दूर हो जाएगा।

फिर आप अलैहिस्सलाम एक जगह फ़रमाते हैं कि "दुआ ख़ुदा तआला की हस्ती का ज़बरदस्त सबूत है इसलिए ख़ुदा तआला एक जगह फ़रमाता وَإِذَا سَأَلَكَ عِبَادِي عَنِّي فَإِنِّي قَرِيبٌ ۖ أُجِيبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ إِذَا دَعَانِ (अल् बकरः : 187) अर्थात जब मेरे बंदे तुझसे प्रश्न करें कि ख़ुदा कहाँ है और इस का क्या सबूत है तो कह दो कि वह बहुत ही क़रीब है और इस का सबूत यह है कि जब कोई दुआ करने वाला मुझे पुकारता है तो मैं उसे जवाब देता हूँ यह जवाब कभी सच्चे स्वप्न के माध्यम से मिलता है।" सच्ची ख़्वाबें आजाती हैं। उनके ज़रीये जवाब मिल जाता है "और कभी कशफ़ और इलहाम के वास्ते से और इलावा इन दुआओं के ज़रीया ख़ुदा तआला की क़ुदरतों और ताक़तों का इज़हार होता है।"इस के इलावा भी ख़ुदा तआला की क़ुदरतों और ताक़तों का इज़हार दुआओं के ज़रीया से हो जाता है। ख़ुद बख़ुद पता लग जाता है कि अल्लाह तआला ने हमारी आवाज़ सुन ली, हमारी दुआ सुन ली और उसके नतीजे में ये बातें पैदा हो रही हैं। फ़रमाया "और मालूम होता है कि वह ऐसा क़ादिर है कि मुश्किलात को हल कर देता है। उद्देश्य दुआ बड़ी दौलत और ताक़त है और क़ुरआन शरीफ़ में जा-ब-जा उसकी तरग़ीब दी है और ऐसे लोगों के हालात भी बताए हैं जिन्हों ने दुआ के ज़रीया अपनी मुश्किलात से नजात पाई। अम्बिया अलैहिस्सलाम की ज़िंदगी की जड़ और उनकी कामयाबियों का असल और सच्चा ज़रीया यही दुआ है। अतः मैं नसीहत हूँ" फ़रमाते हैं कि"मैं नसीहत करता हूँ कि अपनी ईमानी और अमली ताक़त को बढ़ाने के वास्ते दुआओं में लगे रहो। दुआओं के ज़रीया से ऐसी तबदीली होगी जो ख़ुदा तआला के फ़ज़्ल से ख़ातिमा बिलख़ैर हो जावेगा।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग 7 पृष्ठ 268-269 ऐडीशन 1984 ई.)

यह पुरानी बातें नहीं हैं। आज के ज़माने में भी इसकी मिसालें मिलती हैं। बहुत से लोग हैं जो अपनी दुआओं की क़बूलियत के वाक़ियात लिखते हैं। मुख़्तलिफ़ वक़्तों में मैं वाक़ियात बताता भी रहता हूँ। ख़ुदा के वजूद पर रिव्यू आफ़ रिलीजिंज़ ने प्रोग्राम किया था इस में भी कई लोगों ने दुआ की क़बूलियत के वाक़ियात वर्णन किए बल्कि अल्लाह तआला इस क़दर नवाज़ता है कि बाअज़ दफ़ा ईमान की मज़बूती के लिए ही दुआओं को क़बूल करके, उनको क़बूलियत का दर्जा दे के पुकारने वाले की आवाज़ सुन कर फिर अपनी क़ुदरत का जलवा दिखा देता है। जो कमज़ोर ईमान पर हैं उनको भी बाअज़ दफ़ा ईमान में मज़बूती पैदा करने के लिए दिखा देता है। ऐसे भी सैंकड़ों लोग हैं जो मुझे ख़त लिखते रहते हैं। मेरे पास मुझे आ के बताते हैं।

दुआ की मार्फ़त की हक़ीक़त वर्णन फ़रमाते हुए आप अलैहिस्सलाम एक जगह फ़रमाते हैं : "मार्फ़त फ़ज़्ल के ज़रीया से हासिल होती है और फिर फ़ज़्ल के ज़रीया से ही बाक़ी रहती है। फ़ज़्ल मार्फ़त को निहायत मुसफ़्फ़ा और रोशन कर देता है और हिजाबों को दरमयान से उठा देता है और नफ़्स-ए-अम्मारा के लिए गर्द-ओ-गुबार को दूर कर देता है और रूह को ताकत और ज़िंदगी बख़्शता है और नफ़्स-ए-अम्मारा को अमारगी के ज़िंदान से निकालता है।" अर्थात नफ़्स-ए-अम्मारा को जो गुनाहों की तरफ़ उभारने वाला नफ़्स है उस को इस क़ैद से निकालता है, अपने नफ़्स की क़ैद से निकालता है "और बद ख़्वाहिशों की पलीदी से पाक करता है और नफ़्सानी जज़्बात के बड़े सेलाब से बाहर लाता है।" जिस तरह पानी का सेलाब आता है इस तरह नफ़्सानी जज़्बात का एक सेलाब है, गुनाहों का सेलाब है इस से इन्सान को बाहर निकालता है।" तब इन्सान में एक तबदीली पैदा होती है और वह भी गंदी ज़िंदगी से स्वभाविक बेज़ार हो जाता है कि बाद उसके पहली हरकत जो फ़ज़्ल के ज़रीया से रूह में पैदा होती है वह दुआ है। यह ख़्याल मत करो कि हम भी हर-रोज़ दुआ करते हैं और तमाम नमाज़ दुआ ही है जो हम पढ़ते हैं क्योंकि वह दुआ जो मार्फ़त के बाद और फ़ज़्ल के ज़रीया से पैदा होती है वह और रंग और कैफ़ीयत रखती है।" यह ज़ाहिरी नमाज़ें हमने पढ़ लीं, आए और जल्दी जल्दी पाँच मिनट में नमाज़ पढ़ लें। फ़ारिग़ हो गए। ये नमाज़ें नहीं। ये दुआएं नहीं। इसके लिए मार्फ़त चाहिए और वह जो मार्फ़त पैदा हो तो फिर उस दुआ का मज़ा ही और होता है। उस नमाज़ का मज़ा ही और होता है।

फ़रमाया पैदा होती है और वह और रंग और कैफ़ीयत रखती है।" वह फ़ना करने वाली चीज़ है। वह गुदाज़ करने वाली आग है। वह रहमत को खींचने वाली एक मक़-नातीसी कशिश है। वह मौत है पर आख़िर को ज़िंदा करती है। वह एक तुंद सेल है पर आख़िर को क्षति बन जाती है।" एक सेलाब है लेकिन वह सेलाब भी क्षति बन जाता है और मंज़िल-ए-मक़्सूद तक पहुंचा देता है।" हर एक बिगड़ी हुई बात इस से बन जाती है और हर एक ज़हर आख़िर इस से तिरयाक़ हो जाता है।" (लैक्चर स्यालकोट, रुहानी ख़ज़ायन, बहग 20, पृष्ठ 222) अतः ख़ुश-क़िस्मत हैं हम में से वे जो इस मार्फ़त को हासिल करने की कोशिश करते हैं।

फिर आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया : "दुआ ख़ुदा से आती है और ख़ुदा की तरफ़ ही जाती है। दुआ से ख़ुदा ऐसा नज़दीक हो जाता है। जैसा कि तुम्हारी जान तुमसे नज़दीक है। दुआ की पहली नेअमत यह है कि इन्सान में पाक तबदीली पैदा होती है।"

अक्सर लोग पूछते हैं कि किस तरह पता चले कि दुआ क़बूल हुई है और अल्लाह तआला राज़ी हुआ है? उनको यह जवाब है कि पाक तबदीली पैदा होती है।

अल्लाह तआला से ताल्लुक़ में इन्सान उस वक़्त बढ़ेगा जब पाक तबदीली पैदा होगी। जब पाक तबदीली पैदा होगी तो दुआओं की क़बूलियत के निशान भी मिलेंगे। फ़रमाया कि "इन्सान में पाक तबदीली पैदा होती है। फिर उस तबदीली से ख़ुदा भी अपने सिफ़ात में तबदीली करता है और उसके सिफ़ात ग़ैर मुतबद्दल हैं परंतु तबदीली याफ़ताह के लिए उसकी एक अलग तजल्ली है जिसको दुनिया नहीं जानती।" यह नहीं कि अल्लाह तआला की कोई सिफ़ात तबदील हो जाती हैं। वह नहीं बदली जा सकतीं लेकिन ऐसे तबदीली पैदा करने वाले के लिए अल्लाह तआला ऐसे हालात पैदा कर देता है कि उस को लगता है कि जिस तरह सिफ़ात में कोई तबदीली हो गई हालाँकि सिफ़ात वही हैं लेकिन इस का इज़हार अब शुरू हो गया। फ़रमाया कि "गोया वह और ख़ुदा है हालाँकि और कोई ख़ुदा नहीं परंतु नई तजल्ली नए रंग में इस को ज़ाहिर करती है तब इस ख़ास तजल्ली की शान में इस तबदील याफ़ताह के लिए वह काम करता है जो दूसरों के लिए नहीं करता। यही वह ख़वारिक़ है।"

(लैक्चर स्यालकोट, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 20 पृष्ठ 223)

फिर आप अलैहिस्सलाम एक जगह फ़रमाते हैं : "अल्लाह जल्ला शाना ने जो दरवाज़ा अपनी मख़लूक़ की भलाई के लिए खोला है वह एक ही है अर्थात दुआ। जब कोई शख़्स दर्द और पीढ़ा से इस दरवाज़ा में दाख़िल होता है तो वह मौलाए करीम उसको पाकीज़गी-ओ-तहारत की चादर पहना देता है और अपनी अज़मत का ग़लबा इस पर इस क़दर कर देता है कि बेजा कामों और नाकारा हरकतों से वह कोसों भाग जाता है (मल् फ़ूज़ात, जभाग 5 पृष्ठ 438 ऐडीशन 1984 ई.) बहुत ज़्यादा दूर, मीलों दूर हो जाता है। अतः हक़ीक़ी दुआ की यह विशेषता है कि फ़ुज़ूल कामों और लग़वि-यात से वह दूर हो जाता है। पाकीज़गी उसकी फ़ित्रत में आ जाती है। वह केवल दुनियावी उद्देश्य के लिए दुआ नहीं करता बल्कि अपने दीन और तक़्वा में बढ़ने के लिए भी दुआ करता है। ख़ुदा तआला की मुहब्बत मांगने के लिए दुआ करता है और यही एक हक़ीक़ी मोमिन की निशानी है। यही ईमान में कामिल होने की निशानी है ईमान में बढ़ने की निशानी है।

फिर दुआ की गहराई को मज़ीद खोलते हुए आप अलैहिस्सलाम एक जगह फ़रमाते हैं : "हुसूल-ए-फ़ज़्ल का अक़्रब तरीक़ दुआ है और दुआ कामिल के लवाज़मात ये हैं कि इस में दर्द हो, बेचेनी और पीढ़ा हो। जो दुआ आजिज़ी, इज़्तेराब और शिकस्ता दिल्ली से भरी हुई हो वह ख़ुदा तआला के फ़ज़्ल को खींच लाती है।"

इंतेहाई आजिज़ी से दर्द पैदा हो। रो-रो के इन्सान दुआ करे। "और क़बूल हो कर असल उद्देश्य तक पहुंचाती है परंतु मुश्किल यह है कि यह भी ख़ुदा तआला के फ़ज़्ल के बग़ैर हासिल नहीं हो सकती" इस के लिए भी, इस हालत को पैदा करने के लिए भी अल्लाह का फ़ज़्ल माँगना पड़ेगा "और फिर उसका ईलाज यही है कि दुआ करता रहे ख़ाह कैसी ही बेदिली और बे ज़ौक़ी हो लेकिन यह सैर न हो। तकल्लुफ़ और दर्द से करता ही रहे। असली और हक़ीक़ी दुआ के वास्ते भी दुआ ही की ज़रूरत है।"

नियमित अल्लाह तआला से लगा रहे, अल्लाह तआला का पीछा न छोड़े कि जब तक वह हालत पैदा नहीं होगी मैं ने नहीं उठना तब यह हालत पैदा हो जाएगी और फिर उसके फ़ज़्ल नाज़िल होना शुरू हो जाते हैं।

"बहुत से लोग दुआ करते हैं और उनका दिल सैर हो जाता है "कुछ देर दुआ करने के बाद दिल भर जाता है। "वे कह उठते हैं कि कुछ नहीं बनता परंतु हमारी नसीहत

यह है कि इस ख़ाक पेज़ी ही में बरकत है।"बज़ाहिर यह लगता है कि ख़ाक छान रहे हो लेकिन ख़ाक छानने में ही बरकत है। आख़िर इस में बरकत पड़ जाती है" क्योंकि आख़िर गौहर-ए-मक़सूद इसी से निकल आता है और एक दिन आ जाता है कि जब उसका वह दिल ज़बान के साथ मुत्तफ़िक़ हो।" वह उद्देश्य जो हासिल होना होता है वह आख़िर उसको मिल जाता है या जो हासिल करने की ख़्वाहिश होती है वह उद्देश्य उसको मिल जाता है। फ़रमाया "जब उसका वह दिल ज़बान के साथ मुत्तफ़िक़ हो जाता है और फिर ख़ुद ही वह आजिज़ी और रक्त जो दुआ के लवाज़मात हैं पैदा हो जाते हैं" अर्थात जो ज़बान से कह रहा है वह दिल की हालत हो जाती है। जब वह एक हो जाते हैं तो फिर दुआ के लवाज़मात भी पैदा हो जाते हैं। "जो रात को उठता है ख़ाह कितनी ही अदम हुज़ूरी और बे-सबरी हो लेकिन अगर वह इस हालत में भी दुआ करता है कि इलाही दिल तेरे ही क़बज़ा और तसर्रुफ़ में है तो इस को साफ़ कर दे और ऐन क़बज़ की हालत में अल्लाह तआला से बस्त चाहे।" बड़ा दिल घटा हुआ है और वह चाहता है कि उसकी हालत में एक कशाइश पैदा हो अल्लाह तआला की तरफ़ रुजहान पैदा हो, रग़बत पैदा हो, उसकी मुहब्बत बढ़े" तो इस क़बज़ में से बस्त निकल आएगी।"यह दिल की जो बज़ाहिर तंगी होती है इस में से भी इन्सान का दिल खुल जाता है "और दर्द पैदा हो जाएगी।' दिल खुलना क्या है फिर दुआओं में आनंद पैदा हो जाएगा। इन्सान को रोना आएगा" यही वह वक़्त होता है जो क़बूलियत की घड़ी कहलाती है।" जब ऐसी हालत पैदा हो जाए तो समझो कि यह क़बूलियत की घड़ी हो गई" वह देखेगा कि इस वक़्त रूह आस्ताना उलूहियत पर पानी की तरह बेहती है और गोया एक क़तरा है जो ऊपर से नीचे की तरफ़ गिरता है।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग 6 पृष्ठ 93-94 ऐडीशन 1984 ई.)

जब यह हालत होती है तो इन्सान को ख़ुद बख़ुद महसूस होता है कि अब क़ुबूलियत-ए-दुआ का वक़्त है और फिर इस बात पर भी यक़ीन होता है कि ख़ुदा तआला अब जो मेरे लिए करेगा वही मेरे लिए बेहतर होगा। यह नहीं है कि जो मैं ने कहा है वही हो बल्कि फिर रिक़्क़त के बाद यह यक़ीन पैदा हो जाता है, तसल्ली होती है कि अब ख़ुदा तआला इस दुआ के बाद उसके नतीजे में जो भी मेरे लिए करेगा वही मेरे लिए बेहतर है। यह ईमान बढ़ जाता है, कोई शिकवा दिल में नहीं रहता। अतः यह वह हालत है जो हमें अपने अंदर पैदा करने की कोशिश करनी चाहिए और इसके लिए हमें अपने जायज़े भी लेने चाहिऐं।

फिर उसकी मज़ीद वज़ाहत फ़रमाते हुए एक जगह आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया : "दुआ तो एक ऐसी चीज़ है जो हर मुश्किल को आसान कर देती है। दुआ के साथ मुश्किल से मुश्किल काम भी आसान हो है "फ़रमाया" लोगों को दुआ की क़दर-ओ--क़ीमत मालूम नहीं वह बहुत जल्द मलूल हो जाते हैं और हिम्मत हार कर छोड़ बैठते हैं हालाँकि दुआ एक इस्तिक़लाल और मुदावमत को चाहती है। जब इन्सान पूरी हिम्मत से लगा रहता है तो फिर एक बदख़ुल्क़ी क्या हज़ारों बद ख़ल्क़ियों को अल्लाह तआला दूर कर देता है और उसे कामिल मोमिन बना देता है लेकिन इसके वास्ते इख़लास और मुजाहिदा शर्त है जो दुआ ही से पैदा होता है।" (मल् फ़ूज़ात, भाग 6 पृष्ठ 404 ऐडीशन 1984 ई.) कि इख़लास हो, एक मुजाहिदा हो, लगातार कोशिश हो। अतः यह शर्त है जो पैदा करने की ज़रूरत है। इस के लिए हमें अपने दिल को टटोलने की ज़रूरत है कि क्या यह इख़लास और मुजाहिदा की हालत हम में पैदा हो गई है या हम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं? मुजाहिदा का मतलब ही यह है कि मुसलसल कोशिश करते चले जाना और थकना नहीं। दुनियावी कामों में हम कोशिश करते नहीं थकते तो ख़ुदा का क़ुरब पाने में क्यों थकें।

फिर उसकी फ़िलोसफ़ी को वर्णन फ़रमाते हुए आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं: "इन्सान को चाहिए कि इस ज़िंदगी को इस क़दर बुरा ख़्याल करके इस से निकलने के लिए कोशिश करे और दुआ से काम ले क्योंकि जब वह हक़ तदबीर का अदा करता है और फिर सच्ची दुआओं से काम लेता है तो आख़िर अल्लाह तआला उसको नजात दे देता है और वह गुनाह की ज़िंदगी से निकल आता है क्योंकि दुआ भी कोई मामूली चीज़ नहीं है बल्कि वह भी एक मौत ही है जब इस मौत को इन्सान क़बूल कर लेता है तो अल्लाह तआला उसको मुजरिमाना ज़िंदगी से जो मौत का मूजिब है बचा लेता है और उसको एक पाक ज़िंदगी अता करता है। "मुजरिमाना ज़िंदगी भी एक मौत ही है। अगले जहान में जा के जो सज़ाएं मिलनी हैं या उस दुनिया में बाअज़ दफ़ा मिल जाती हैं अतः इस से अल्लाह तआला बचा लेता है। फ़रमाया कि "बहुत से लोग दुआ को एक मामूली चीज़ समझते हैं। अतः याद रखना चाहिए कि दुआ यही नहीं कि मामूली तौर पर नमाज़ पढ़ कर हाथ उठा कर बैठ गए और जो कुछ आया मुँह से कह दिया इस दुआ से कोई फ़ायदा नहीं होता क्योंकि यह दुआ निरी एक मंत्र है।" जिस तरह कुछ मज़हब वाले मंत्र पढ़ लेते हैं। यह तो मंत्र ही है "न इस में दिल शरीक होता है और न अल्लाह तआला की क़ुदरतों और ताक़तों पर कोई ईमान होता है।" दिल से तो आवाज़ निकल नहीं रही होती न यह इज़हार हो रहा होता है कि अल्लाह तआला सब क़ुदरतों और ताक़तों का मालिक है।

"याद रखो दुआ एक मौत है और जैसे मौत के वक़्त-ए-इज़्तिराब और बेक़रारी होती है इसी तरह पर्दा के लिए भी वैसा ही इज़्तेराब और जोश होना ज़रूरी है। इस लिए दुआ के वास्ते पूरा-पूरा इज़्तेराब और गदाज़श जब तक न हो तो बात नहीं बनती। अतः चाहिए कि रातों को उठ उठकर निहायत तज़र्रे और ज़ारी-ओ-इबतेहाल के साथ ख़ुदा तआला के हुज़ूर अपनी मुश्किलात को पेश करे और इस दुआ को इस हद तक पहुँचावे कि एक मौत की सी सूरत वाक़्य हो जाए। उस वक़्त दुआ क़बूलियत के दर्जा तक पहुँचती है।" फ़रमाया "यह भी याद रखो कि सबसे अव्वल और ज़रूरी दुआ यह है कि इन्सान अपने आपको गुनाहों से पाक साफ़ करने की दुआ करे।"

बड़ी अहम बात है। पहली दुआ यह है कि इन्सान अपने आपको गुनाहों से पाक साफ़ करने की दुआ करे। सारी दुआओं का असल और अंग है।

